# प्रोजेक्ट ब्लूप्रिंट: मेरे शरीर का परिवर्तन

## शिक्षकों के लिए 5-दिवसीय एक्शन प्लान




**हम अपनी ही कहानी के मुख्य नायक/नायिका कैसे बन सकते हैं?**

(युवावस्था और किशोरावस्था की ओर एक रचनात्मक यात्रा)

5 दिन | 40 मिनट/दिन

कक्षा 8

# सीखने के तीन मुख्य स्तंभ




## स्वस्थ आदतें
## (Habitual)

- प्रजनन और स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों को अपनाना (आहार, नींद, स्वच्छता)।

**Resource Box**
**आवश्यक संसाधन:** कार्डबोर्ड, पेंसिल, रंग।

**शिक्षक नोट:** कक्षा हमेशा मिश्रित एवं समावेशी होनी चाहिए।

# अंतिम प्रोजेक्ट: कॉमिक बुक के नियम

### लंबाई
कहानी कम-से-कम 3-4 पेज लंबी होनी चाहिए।

### कहानी का ढांचा
एक स्पष्ट शुरुआत, मध्य और अंत होना चाहिए।

### मुख्य विषय
कम-से-कम 2 शारीरिक/भावनात्मक परिवर्तनों को शामिल करें।

### सकारात्मक संदेश
अंत में एक संदेश हो (जैसे: 'अपने शरीर के प्रति आश्वस्त रहें')।

### स्वयं की देखभाल
कहानी में यह दिखना चाहिए कि पात्र अपनी देखभाल कैसे करता है।

### लक्षित श्रोता
माता-पिता, किशोर, या किसी बड़े को संबोधित।

# 5-दिवसीय मास्टर रोडमैप

**1** **दिन 1 - परिचय एवं शारीरिक बदलाव**
(परिवर्तनों को पहचानना और सुरक्षित माहौल बनाना)

**2** **दिन 2 - गहरी समझ एवं पात्र निर्माण**
(विशिष्ट बदलाव और कॉमिक की शुरुआत)

**3** **दिन 3 - सामाजिक-भावनात्मक प्रभाव**
(हार्मोन का मस्तिष्क पर प्रभाव और ड्राफ्टिंग)

**4** **दिन 4 - स्वयं की देखभाल**
(टीवी/रेडियो शो गतिविधि और कहानी का विस्तार)

**5** **दिन 5 - प्रस्तुतीकरण**
(अंतिम रूप देना और कक्षा में साझा करना)

# दिन 1: शारीरिक परिवर्तनों की पहचान

**10 मिनट**

## सुरक्षित माहौल बनाएँ

- छात्रों को निर्देशित करें कि विषय संवेदनशील है, अतः सहपाठियों का सम्मान अनिवार्य है।
- **चर्चा:** शिशु अवस्था से वृद्धावस्था तक क्या-क्या बदलाव आते हैं?

**10 मिनट**

## प्रोजेक्ट लॉन्च

- कॉमिक बुक प्रोजेक्ट की घोषणा करें (छात्र स्वयं या काल्पनिक पात्र पर कहानी लिखेंगे)।

**20 मिनट**

## विज़ुअलाइज़ेशन गतिविधि

- **निर्देश:** बच्चों से आँखें बंद कर 2-3 साल पहले के अपने शरीर की कल्पना करने को कहें।
- **चर्चा:** लंबाई, आवाज़ या त्वचा में क्या अंतर आया है?
- **गृहकार्य:** अभिभावकों से पूछें कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी लंबाई कितनी बढ़ी है।

# कक्षा टूल: यौन विशेषताओं में अंतर

इस चार्ट का उपयोग बच्चों को प्राकृतिक बदलाव समझाने के लिए करें।

| प्राथमिक यौन विशेषताएँ (Primary) | द्वितीयक यौन विशेषताएँ (Secondary) |
|---|---|
| **परिभाषा:** सीधे तौर पर प्रजनन अंगों और उनके कार्यों से संबंधित।<br><br>**उदाहरण:** टेस्टिकल्स (वृषण) की वृद्धि। ऋतुस्राव (मासिक धर्म) का आगमन। | **परिभाषा:** शारीरिक विकास जो बाहर से दिखाई देता है, लेकिन सीधे प्रजनन का हिस्सा नहीं है।<br><br>**उदाहरण:** विकास में तेजी (लंबाई बढ़ना)। चेहरे और शरीर पर बाल आना। आवाज़ में भारीपन या बदलाव। त्वचा में बदलाव (मुँहासे)। |

बच्चों को बताएँ कि ये सारे बदलाव प्राकृतिक हैं, इसलिए उन्हें अपने बदलाव को स्वीकार करना चाहिए।

# दिन 2: विशिष्ट बदलाव (ऋतुस्राव) एवं कॉमिक की शुरुआत

5 मिनट

**गृहकार्य चर्चा**

लंबाई और अभिभावकों से हुई बातचीत पर विचार सुनें।

25 मिनट

**ऋतुस्राव (Menstruation) पर वैज्ञानिक चर्चा**

- 10 मिनट: बच्चों के पूर्व ज्ञान का आकलन करें।
- 15 मिनट: स्पष्ट करें कि इसका मुख्य जैविक उद्देश्य 'महिला के शरीर को **संभावित गर्भावस्था** के लिए तैयार करना है।' (संदर्भ: मानव में जनन अवधि)।



10 मिनट

**मुख्य पात्र का वर्णन (Character Creation)**

- पात्र (स्त्री/पुरुष) चुनें। सोचें कि वह युवावस्था के बदलावों का अनुभव कैसे करेगा।
- गृहकार्य: 2 लोगों का सर्वे करें (शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक दबाव, जैसे वजन घटाना/बढ़ाना, पर प्रश्न)।

# दिन 3: सामाजिक-भावनात्मक प्रभाव

## 5 मिनट

सर्वे चर्चा और खानपान का महत्व।

## 20 मिनट

सर्वे उत्तरों का विश्लेषण। बच्चों को कॉमिक के लिए इन उत्तरों का उपयोग करने दें।

## 15 मिनट

कॉमिक के लिए 2 बदलाव चुनें, अनुक्रम (शुरूआत, मध्य, अंत) बनाएं।

## 10 मिनट की चर्चा: हार्मोन-भावनात्मक सेतु



**वैज्ञानिक तथ्य:** युवावस्था में मस्तिष्क अधिक हार्मोन (रसायन) बनाता है जो रक्त के माध्यम से संदेश ले जाते हैं।

**हार्मोन:** महिलाओं में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन; पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन।

**प्रभाव:** ये हार्मोन मस्तिष्क के उस हिस्से को प्रभावित करते हैं जिसके कारण भावनाओं या मनोदशाओं में उतार-चढ़ाव (Mood Swings) होता है।

# दिन 4: स्वयं की देखभाल (The Self-Care Wheel)




### Activity Block (20 मिनट) - टीवी/रेडियो शो रोलप्ले

- छात्रों को 'युवावस्था विशेषज्ञ' और 'टीवी प्रस्तोता' बनाएँ।
- प्रत्येक समूह व्हील से एक विषय चुनेगा और अपनी देखभाल कैसे करें, इस पर सुझाव साझा करेगा।

### Drafting Block (20 मिनट)

- 10 मिनट: पिछली कक्षा के सर्वे के आधार पर खानपान पर चर्चा।
- 10 मिनट: कॉमिक कहानी के तीन भागों का विस्तार करें (विशेषकर शुरुआत, मध्य और अंत)।

**गृहकार्य:** कहानी पूरी करें।

# दिन 5: अपनी कहानी के नायक बनें (प्रस्तुतीकरण)

## 10 मिनट - अंतिम रूप (Final Touches)

- छात्र कवर पेज तैयार करेंगे।
- अच्छा शीर्षक, अपना नाम, और स्कूल का नाम सुनिश्चित करेंगे।

## 20 मिनट - कहानी वाचन (Showcase)

- कक्षा के नियम: वक्ता की ओर ध्यान दें, सम्मानपूर्वक सुनें।
- प्रश्नोत्तर (Q&A): कहानी के अंत में हाथ उठाकर सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित करें।




**प्रोत्साहन:** सर्वश्रेष्ठ कहानियों को विद्यालय की पुस्तिका में छपवाने का प्रयास करें!

शिक्षक हैंडबुक में उपलब्ध QR कोड स्कैन करके बच्चों के सीखने के संबंध में गूगल फॉर्म भरें।

Developed by: P. K. Pankaj, Head Teacher, P S Adalpur, Muzaffarpur